भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2405

उत्तर देने की तारीख-04/08/2025

आंध्र प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों को धनराशि

†2405. श्री केसिनेनी शिवनाथ:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय और केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय को आवंटित और संवितरित निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्राध्यापकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कुल रिक्त पदों की विभाग-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) इन विश्वविद्यालयों में वर्तमान में विभाग-वार कुल कितने प्राध्यापक और गैर-शिक्षण कर्मचारी कार्यरत हैं;

(घ) क्या सरकार का इन विश्वविद्यालयों के लिए निधि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान, आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएपी) और आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (सीटीयूएपी) को आवंटित और संवितरित निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(रुपये करोड़ में)

सीयूएपी			सीटीयूएपी	
वर्ष	**आवंटित निधि**	**संवितरित निधि**	**आवंटित निधि**	**संवितरित निधि**
2020-21	4.80	4.80	3.20	3.20
2021-22	125.10	125.10	13.37	13.37
2022-23	13.07	13.07	9.00	9.00
2023-24	112.08	112.08	44.17	44.17
2024-25	149.00	149.00	55.35	55.35

(ख) और (ग): सीयूएपी और सीटीयूएपी में स्वीकृत और वर्तमान में कार्य करते हुए पदों (संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारी) की कुल संख्या का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

सीयू का नाम	**संकाय**		**गैर-शिक्षण कर्मचारी**	
	संस्वीकृत	**नियोजित**	**संस्वीकृत**	**नियोजित**
सीयूएपी	16	15	09	06
सीटीयूएपी	18	18	12	12

(घ) और (ङ): शिक्षा मंत्रालय "केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को अनुदान" के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को एकमुश्त अनुदान जारी करता है, जो बदले में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को उनकी आवश्यकताओं और पिछले वर्षों में निधियों के उपयोग आदि के आधार पर धनराशि आवंटित करता है।

***